हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 12 फरवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

रिहायशी क्षेत्र में डब्ल्यूएमएम प्लांट लगाने पर लोगों में आक्रोश 3



## खबर संक्षेप



### पति ने पत्नी की गला घोंटकर कर दी हत्या

**सीतापुर।** खाना बनाने को लेकर पति पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद गुस्से में आकर पति ने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद आरोपी पति को पुलिस ने हत्या के जुर्म में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार झारखंड के लातेहार निवासी शशिभूषण कुमार विगत आठ महीनों से ग्राम सोनतराई में पत्नी मंजू देवी के साथ किराए के घर में रहता था। शशु भूषण कुमार गांव में किराना दुकानों में चॉकलेट बिस्कुट की सप्लाई का काम करता था। 9 फरवरी की रात वो मैनपाट से अपना काम निपटाकर शाम को थका हारा घर वापस लौटा था। घर में पत्नी द्वारा खाना नहीं बनाने से दुखी पति खाना बनाने जा रहा था तभी उसकी पत्नी उससे विवाद करने लगी। विवाद के दौरान पत्नी ने पति को भद्दी भद्दी गालियां देते गले से मंगलसूत्र निकालकर फेंक दिया और अपने पति के गुप्तांग को कसकर दबोच लिया। दर्द से कराहते पति ने छुड़ाने की काफी कोशिश की पर सफल नही तब उसने गुस्से में आकर गमछे से अपनी पत्नी का गला घोंट कर हत्या कर दी। इस घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर धारा 103(1) के तहत जेल भेज दिया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह समेत पुलिस बल शामिल थी।

### इंजीनियरिंग कॉलेज को मिली तकनीक प्रबंधन पाठ्यक्रमों की स्वीकृति

**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में सत्र 2026-27 से नए तकनीकी एवं प्रबंधन पाठ्यक्रमों के संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत एमबीए (30 सीटें) की शुरूआत की गई है। कार्यरत लोगों के लिए बीटेक में 30 सीट, एमटेक में 15 सीट की स्वीकृति प्रदान की गई है। सिविल इंजीनियरिंग, पावर सिस्टम एवं कंट्रोल तथा माइनिंग इंजीनियरिंग वहीं बीटेक में सिविल इंजीनियरिंग, पावर सिस्टम एवं कंट्रोल तथा माइनिंग इंजीनियरिंग वहीं बीटेक में सिविल, इलेक्ट्रिकल एवं माइनिंग इंजीनियरिंग विषय की स्वीकृति दी गई है। इंजीनियरिंग कॉलेज में नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के युवाओं को शहर तकनीकी व प्रबंधन शिक्षा उपलब्ध होगी साथ ही विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को पार्ट टाइम शिक्षा का अवसर मिलेगा।

### दो दिवसीय संभाग स्तरीय रोजगार मेला 16 से

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में करियर बनाने के उद्देश्य से 16 और 17 फरवरी को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में दो दिवसीय संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी नियोजक अपनी रिक्तियों के साथ उपस्थित रहेंगे, जहां युवाओं का चयन उनकी योग्यता और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक आवेदकों को ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। शिक्षित युवा रोजगार विभाग के पोर्टल अथवा रोजगार एप पर अपना सामान्य रोजगार पंजीयन के साथ रोजगार मेले के लिए भी पंजीयन करा सकते है। उपसंचालक एसपी त्रिपाठी ने बताया कि रोजगार मेले से संबंधित रिक्तियों का विवरण 9 फरवरी 2026 से पोर्टल पर प्रदर्शित किया जा रहा है, ताकि आवेदक अपनी रूचि और योग्यता के अनुसार पदों का चयन कर सकें। इच्छुक युवा पासपोर्ट साइज फोटो, पहचान पत्र और अनुभव प्रमाण पत्र की मूल व छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थल पर उपस्थित हो सकते हैं।

गले की नस कटने से गंभीर युवक को लेकर जा रहे थे अस्पताल, जांच में जुटी पुलिस

# कोयला लोड ट्राला की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, लोगों ने किया चक्काजाम

**सोनगरा।** गर्दन व कलाई की नस काटने से गंभीर युवक को उपचार के लिए अस्पताल लेकर जा रहे युवकों की बाइक तेज रफ्तार कोयला लोड ट्राला की चपेट में आ गई। सड़क दुर्घटना में बाइक पर पीछे बैठे युवक के सिर पर चक्का चढ़ने से उसकी मौके अपर ही मौत हो गई जबकि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां गर्दन की नस कटने से गंभीर युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इधर इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मायापुर द्वितीय में चक्का जाम कर दिया।

बताया जा रहा है कि मायापुर द्वितीय निवासी 26 वर्षीय गदे राम आ. गोरेलाल अपने मित्र 29 वर्षीय ननकू आ. मोहन को उपचार के लिए गांव के संतोष आ. सुरेन्द्र की बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएम 1871 से सोनगरा अस्पताल लेकर जा रहे थे। इस दौरान बाइक पर बीच में गर्दन कटने से घायल युवक बैठा हुआ था और जब



अचानक ही दर्द से छट पटाया जिससे युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार कोयला लोड ट्राला क्रमांक सीजी 15 ईएच 8375 से जाकर पीछे से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद तीनों युवक सड़क पर गिर गए। सड़क पर गिरने के बाद बाइक पर सबसे पीछे बैठे युवक गदे राम का सिर ट्राला के चक्के के नीचे आ गया और कुचलकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ननकू और बाइक चालक संतोष भी गंभीर रूप से घयाल हुए। इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी इसके साथ ही घायलों को उपचार के लिए सोनगरा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां गंभीर रूप से घायल ननकू को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को उठाकर पीएम के लिए मर्च्युरी में भेजा है और मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

### आपसी विवाद पर काटी थी नस

बताया जा रहा है कि मृतक गदे राम और संतोष परिचित युवक ननकू को उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाने निकले थे। युवक ननकू हाल ही में मायापुर द्वितीय स्थित अपने ससुराल आया था जहां पारिवारिक विवाद के बाद उसने अपने गले और हाथ के कलाई की नस काट ली थी। यही वजह है कि दोनों युवक ननकू को लेकर अस्पताल जा रहे थे और युवकों के बाइक की रफ्तार भी तेज थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### लोगों ने किया चक्का जाम

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में भारी वाहनों की तेज रफ्तार और सड़क पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि जब तक सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक ऐसे हादसे होते रहेंगे। हादसे व चक्का जाम की सूचना मिलने के बाद एसडीएम ललित भगत, तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल, थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, चौकी प्रभारी रघुवंश सिंह सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से बात की। लगभग चार घंटे तक चला चक्का जाम आश्वासन के बाद समाप्त हुआ।

## जिले में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**बलरामपुर/राजपुर।** बुधवार को जिला प्रशासन ने जिले में प्रशासन व खनिज विभाग की टीम ने अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर टीम ने राजपुर, कुसमी व शंकरगढ़ क्षेत्र में अभियान चलाकर 5 लाख 85 हजार अवैध ईंट, 3 ट्रैक्टर व अवैध कोयला जब्त किया है।



बता दें कि जिले में बड़े पैमाने पर ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। इन ईंट भट्ठों के संचालन की कोई अनुमति नहीं है इसके साथ ही इन भट्ठों में अवैध रूप से चोरी का कोयला भी खपाया जाता है। ऐसे में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने दिए थे। कलेक्टर के निर्देश उपरान्त एसडीएम राजपुर देवेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में नायब तहसीलदार बरियों एवं माइनिंग विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम भदार में संचालित एक अवैध ईंट भट्ठे पर कार्रवाई की। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित ईंट भट्ठा अनुमति एवं वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण किए बिना संचालित किया जा रहा था। टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए भट्ठा संचालक नीरज यादव के लगभग 70 हजार तैयार ईंटों को जब्त कर लिया। इसी प्रकार ग्राम भदार में ही अमितेष गुप्ता के पास से 1 लाख 20 हजार ईंट, तथा ग्राम पेंडारी में अमित गुप्ता के पास 2 लाख ईंट, अवैध रूप से भंडारित कोयला व 1 ट्रैक्टर जब्त करने की कार्रवाई की गई। एसडीएम कुसमी करूण डहरिया के नेतृत्व में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठे पर भी कार्रवाई की गई। ग्राम पंचायत मदगुरी के ग्राम कर्राडांड में बनवारी गिरी द्वारा अवैध रूप से ईंट भट्ठी स्थापित कर लगभग 1 लाख 20 हजार ईंट निर्मित किया गया था। जांच में ईंट भट्ठी संचालन हेतु आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए निर्मित 1 लाख 20 हजार ईंट को जब्त किया गया। इसी प्रकार एसडीएम शंकरगढ़ विवेक अनमोल टोप्पो के नेतृत्व में अवैध ईंट भट्ठे पर कार्रवाई की गई।

सीएम करेंगे उद्घाटन, दिए आवश्यक निर्देश

## मैनपाट महोत्सव की तैयारियां जोरों पर, कलेक्टर ने लिया जायजा

**अंबिकापुर।** मैनपाट महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। 13 फरवरी से शुरू होने वाले महोत्सव की तैयारियों का कलेक्टर व जिला अधिकारियों ने जायजा लिया। बता दें कि सरगुजा के मैनपाट महोत्सव का आयोजन 13 से 15 फरवरी तक रोपाखार जलाशय के समीप किया जाएगा। महोत्सव का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे।

कलेक्टर अजीत वसंत एवं एसएसपी राजेश अग्रवाल ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल पहुंचकर अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंच एवं डोम, बैठक व्यवस्था, ग्रीन रूम, कलाकारों हेतु व्यवस्था, रूट चार्ट, पार्किंग, विभागीय स्टॉल, हितग्राहियों को सामग्री वितरण, लोकार्पण भूमिपूजन स्थल, मेला स्थल, हेलिपैड, बोटिंग प्वाइंट सहित अन्य तैयारियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ गरिमामयी ढंग से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने कहा। बता दें की तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान प्रथम दिन 13 फरवरी को भोजपुरी सुपरस्टार मनोज तिवारी अपनी गायकी से दर्शकों का उत्साह बढ़ाएंगे।



साथ ही, छत्तीसगढ़ी गायक सुनील सोनी और ओडिशा का प्रसिद्ध नृत्य लोक संस्कृति की छटा बिखेरेंगे। द्वितीय दिन 14 फरवरी को छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका अलका चंद्राकर और इंडियन आइडल फेम वैशाली रायकवार अपनी सुरीली आवाज से शाम को यादगार बनाएंगी। वहीं समापन दिवस 15 फरवरी को महोत्सव का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड की मशहूर सिंगर कनिका कपूर होंगी। इसके साथ ही रायगढ़ घराने की कत्थक नृत्यांगना ज्योतिश्री वैष्णव और गायक आयुष नामदेव भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस दौरान डीएफओ अभिषेक जोगवत, जिपं सीईओ विनय अग्रवाल, एएसपी अमोलक सिंह, अपर कलेक्टर सुनील नायक सहित सम्बंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बुकिंग कराकर घूमने ले गए मैनपाट, वापसी में लूट ली स्कॉर्पियो

**सरगुजा।** घूमने के बहाने से बुकिंग कराई गई स्कॉर्पियो वाहन की लूट का मामला सामने आया है। मैनपाट से वापस लौटते समय बदमाशों ने पीछे से वाहन स्वामी के गले को बेल्ट से दबा दिया। इस दौरान युवक ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इधर लुटेरे वाहन को लेकर फरार हो गए। हालांकि बताया जा रहा है कि पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को बरामद कर लिया है जबकि आरोपियों की तलाश जारी है।

बताया जा रहा है कि 10 फरवरी को चार युवक पुराना बस स्टैंड में पहुंचे थे। युवकों ने चार पहिया वाहन की बुकिंग के लिए कुमार कलेक्शन के सामने एक पंचर दुकान वाले से संपर्क किया। पंचर दुकान के संचालक ने भट्ठी रोड निवासी अंकित सिन्हा को फोन कर स्कार्पियो की बुकिंग के लिए कहा। अंकित सिन्हा ने बताया कि गाड़ी का ड्राइवर नहीं है। पंचर दुकान वाले ने बताया कि युवकों को मैनपाट घूमने के बाद शाम को ड्राप कर देना है। शिकायतकर्ता अंकित सिन्हा ने बताया कि वह अपनी स्कार्पियो क्रमांक सीजी 16 सीजे 5333 वाहन स्वयं चलाकर पुराना बस स्टैंड पहुंचा। चारों युवक स्कार्पियो वाहन में सवार हो गए जिसके बाद उसने युवकों को उल्टापानी, दलदली, टाइगर प्वाइंट एवं अन्य पर्यटन स्थल घुमाया। मैनपाट प्वाइंट होटल में नाश्ता करने के बाद चारों वापस अंबिकापुर आने के लिए निकले थे। इस दौरान देर शाम 7. 30 बजे मैनपाट-दरिमा रोड में बरगई के पास युवकों ने उल्टी लगने की जानकारी देकर स्कार्पियो वाहन रोकने के लिए कहा। अंकित सिन्हा ने जब गाड़ी रोकी तो सामने बैठा एक युवक एवं पीछे बैठा एक युवक गाड़ी से उतर गए। वहीं ड्राइवर के पीछे की सीट पर बैठे एक युवक ने बेल्ट से अंकित सिन्हा का गला दबाने की कोशिश की। अंकित सिन्हा किसी तरह से बेल्ट को गले से हटाने में कामयाब हो गया और गाड़ी से उतरकर बाहर भागा। युवकों ने उसे दौड़ाकर पकड़ने की कोशिश की। अंकित सिन्हा सड़क किनारे गड्ढे में कूद गया एवं बचने के लिए कुछ दूर में छिप गया। इधर स्कार्पियो में सवार युवकों ने उसका मोबाइल गाड़ी से निकालकर बाहर फेंक दिया और स्कार्पियो वाहन लेकर भाग निकले। रात करीब 9 बजे अंकित सिन्हा दरिमा थाने पहुंचा और स्कार्पियो लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में धारा 309 (3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। इसी दौरान देर रात सरगुजा पुलिस को स्कार्पियो वाहन द्वारा चोटिया के पास अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे में चेकपोस्ट करने की जानकारी मिली। इसकी जानकारी मिलने पर कोरबा जिले के बांगो एवं कटघोरा पुलिस को अलर्ट कर दिया गया। बताया गया है कि युवक बांगो थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे से जंगल के रास्ते में स्कार्पियो वाहन खड़ी कर भाग निकले हैं। पुलिस ने स्कार्पियो वाहन को लावारिस हालत में बरामद किया कर लिया है। स्कार्पियो लूटने वाले युवकों की तलाश की जा रही है।



■ गला दबाकर दिया वारदात को अंजाम, बांगो क्षेत्र में वाहन छोड़कर भागे लुटेरे

## मतदाता सूची से वैध मतदाताओं के नाम हटाने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के प्रयास को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा से जुड़े कुछ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से ऑनलाइन फार्म-7 भरकर एक वर्ग विशेष के मतदाताओं को मृत या अन्यत्र स्थानांतरित बताकर उनके नाम विलोपित करने की सिफारिश की गई है।

कांग्रेस की ओर से राज्य निर्वाचन पदाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से भेजी गई शिकायत में कहा गया है कि शहर में अब तक ऐसे 1143 मतदाताओं को चिन्हित किया गया है, जिनके नाम रूप से नियम विरुद्ध तरीके से काटने की कोशिश की गई। कांग्रेस का दावा है कि पूरे जिले में यह संख्या कई हजार हो सकती है। शिकायत में भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंशुल श्रीवास्तव, पार्षद पति विकास गुप्ता, पार्षद प्रत्याशी रहे विशेष केशरवानी, पूर्व पार्षद अवधेश सोनकर सहित



डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों के नामों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया गया है कि अलग-अलग पोलिंग बूथों के मतदाताओं के नाम हटाने के लिए ऑनलाइन फार्म-7 भरे गए। कांग्रेस का कहना है कि निर्वाचन नियमों के अनुसार शिकायतकर्ता उसी मतदान केंद्र का मतदाता होना चाहिए, जबकि 99 प्रतिशत मामलों में यह शर्त पूरी नहीं हुई। कांग्रेस का यह भी आरोप है कि जिन मतदाताओं के नाम हटाने की अनुशंसा की गई है उनमें निर्वाचित पार्षद, पूर्व पार्षद और बीएलओ और अन्य शासकीय कार्यालयों में जिम्मेदार पदों पर कार्यरत लोग भी शामिल हैं, जो अभी भी संबंधित वार्ड में निवासरत हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दिए ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग की है कि नियम विरुद्ध भरे गए सभी फार्म-7 को तत्काल निरस्त किया जाए, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में केवल नियमानुसार प्राप्त आवेदनों को ही स्वीकार करने के निर्देश जारी किए जाएं। साथ ही वैध मतदाताओं के नाम अनावश्यक रूप से हटाए जाने से रोकने के लिए सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। कांग्रेस पार्टी गलत जानकारी के साथ नियम विरुद्ध फार्म-7भरने वालो पर विभिन्न सम्बंधित थानों में एफआईआर कराएगी। ज्ञापन सौंपने गए कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में शहर कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल, आशीष वर्मा, पार्षद हसन खान, मेराज रंगरेज, शुभम जायसवाल, जीवन यादव, जमील खान, शानू मुखर्जी, अमित सिन्हा, अविनाश कुमार, अंशु सिंह, मिथुन सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश प्रतिबंधित

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के षष्ठम विधानसभा का अष्टम सत्र 23 फरवरी से 20 मार्च तक आहूत किया गया है। विधानसभा सत्र के दौरान जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के समस्त प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधानसभा सत्र के दौरान समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय या मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करेंगे। अति आवश्यक कार्य या अपरिहार्य कारणों से अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय छोड़ने की स्थिति में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख द्वारा एवं जिला स्तर के अधिकारी के अवकाश हेतु कलेक्टर सरगुजा से लिखित अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही अवकाश पर प्रस्थान कर सकेंगे।



## बोर्ड परीक्षाओं का केंद्र बदलकर किया 14 किमी दूर हाथी प्रभावित क्षेत्र में

**बलरामपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की आगामी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए निर्धारित परीक्षा केंद्रों में की गई विसंगतियों एवं अव्यवस्थाओं के विरोध में जिला कलेक्टर बलरामपुर को ज्ञापन सौंपा। अभाविप जिला संयोजक विकास महतो रामचंद्रपुर हायर सेकेंडरी स्कूल के सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान अभाविप जिला संयोजक ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं हेतु परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में कई विद्यालयों को दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है। विशेष रूप से रामचंद्रपुर परीक्षा केंद्र को स्थानांतरित कर हायर सेकेंडरी स्कूल गांजर में निर्धारित किए जाने से विद्यार्थियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। उक्त केंद्र विकासखंड मुख्यालय से लगभग 14 किलोमीटर दूर हाथी प्रभावित एवं वनाच्छादित क्षेत्र में स्थित है। परीक्षा अवधि के दौरान लगभग 450 छात्र-छात्राओं को आवागमन, सुरक्षा, परिवहन के अभाव तथा समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही संबंधित विद्यालय में पर्याप्त कक्षों एवं आधारभूत सुविधाओं की कमी होने से परीक्षा के निष्पक्ष एवं सुचारू संचालन पर भी प्रश्नचिह्न उत्पन्न हो रहा है। परिषद ने प्रशासन से मांग की है कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा, सुविधा एवं शैक्षणिक हितों को सर्वोपरि रखते हुए पूर्ववत परीक्षा केंद्र को विकासखंड मुख्यालय स्थित सर्वसुविधायुक्त विद्यालय में पुनः स्थापित किया जाए। जिला संयोजक श्री महतो ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थी हित सर्वोपरि है। यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो परिषद छात्र हित में आगे भी चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान अभाविप प्रांत सह संयोजक रितिक सिंह, नगर मंत्री परमानंद कुशवाहा, नगर सह मंत्री सत्यम प्रजापति, अनुप पाल, रत्नेश सिंह, सत्यम गुप्ता, सूरज पुरी, प्रमोद पुरी, ओमप्रकाश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

■ अभाविप ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, मुख्यालय में स्थापित करने की मांग

सड़क सुरक्षा माह का समापन, बेहतर कार्य करने वालों को अतिथियों ने किया सम्मानित

## खुद से शुरू करें यातायात नियमों का पालन करने की शुरुआतः मंजूषा

**अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से 1 से 31 जनवरी तक चलाए गए 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का 10 फरवरी को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में समापन किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि यातायात पुलिस एवं निगम का पुराना साथ रहा है, दोनों विभाग एक दूसरे के पूरक एवं सहयोगी के रूप मे कार्य करते रहे है साथ ही सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने का निरंतर प्रयास कर रहे है। महापौर ने कहा कि यातायात नियमो के पालन करने की शुरुवात खुद से शुरू करनी चाहिए, जब खुद से शुरुवात होंगी तो प्रत्येक नागरिक अपने आदतों मे बदलाव लाएंगे और समाज मे सकरात्मक सुधार प्रदर्शित होगा जिससे सड़क दुर्घटनाओ के मामलो मे कमी लायी जा सकेगी। कलेक्टर अजीत बसंत ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के जरिये पिछले 1 माह मे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए है, सड़क सुरक्षा नागरिकों के व्यवहार मे शामिल होना चाहिए, सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता मे नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण है, हाल ही मे जिले मे मैनपाट महोत्सव का आयोजन किया जाना है जिसमे काफी संख्या मे जिले एवं बाहर से आए नागरिक शामिल होंगे, हमें ऐसे प्रयास करना होगा कि महोत्सव के दौरान सड़क दुर्घटना के मामले सामने ना आए, कलेक्टर सरगुजा ने रिंग रोड मे गाड़ियों की अनाधिकृत पार्किंग रोकने सहित ट्रैफिक को निर्बाध बनाये रखने संयुक्त कार्रवाई की जाएगी एवं सभी के सार्थक प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओ मे प्रभावी कमी लायी जाएगी। एसएसपी राजेश अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया, इन कार्यक्रमों से लगभग हजारो नागरिकों को यातायात के नियम एवं सुरक्षा के मापदंड की विस्तृत जानकारी दी गई है। पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा मिलकर लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन कराया गया जिसमे लगभग 1100 लोगो ने अपना लर्निंग लाइसेंस बनवाकर योजना का लाभ उठाया।

सारथी दिवस के दिन यातायात पुलिस द्वारा अच्छे चालकों को पुरस्कृत किया गया, निशुल्क हेलमेट वितरण का कार्य किया गया, सरगुजा पुलिस को 200 हेलमेट दान मे प्राप्त हुआ था। सभी सार्थक प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओ के मामलो मे 32 प्रतिशत की प्रभावी कमी लाइ गई है। ननि सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी ने कहा कि सड़क सुरक्षा से सम्बंधित जनउपयोगी एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम नागरिकों को लाभान्वित करते है। सेवा किटी समूह द्वारा हेलमेट बैंक की स्थापना कर जरूरतमंद नागरिकों को सहायता दी जा रही है। हरमिन्दर सिंह टिन्नी द्वारा 51 हेलमेट उक्त हेलमेट बैंक मे दान करने की जानकारी दी गई। इस दौरान बेहतर कार्य करने व यातायात नियमों का पालन करने, जागरूकता फैलाने वालों को अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी राहुल बंसल, नगर सेना कमांडेंट शिव कुमार कठोतिया, आरटीओ अधिकारी विनय सोनी, डीएसपी सुरेश भगत, एसडीओपी ग्रामीण तूल सिंह पट्टावी, एसडीओपी सीतापुर राजेंद्र मंडावी, सहायक आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता, थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, शशिकान्त सिन्हा, सीपी तिवारी, यातायात प्रभारी विजय केवर्त सहित अन्य पुलिसकर्मी, आम नागरिक, छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बाइक, युवक की मौत



**सोनहत।** क्षेत्र के राजपुरी निवासी एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रप्रताप राजवाड़े उम्र 25 वर्ष पिता शंकर राजवाड़े निवासी ग्राम राजपुरी पंचायत बीती रात सोनहत से अपने घर लौट रहे रहे। बताया जा रहा है कि 10 फरवरी की रात मुख्यालय बस स्टैंड स्थित अपनी दुकान बंद कर वे बाइक से घर के लिए निकले थे। इसी दौरान बगधरा खांड के पास मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्डे में गिर गई। हादसे में युवक के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। घटना स्थल सुनसान होने के कारण उन्हें समय पर कोई सहायता नहीं मिल सकी। पूरी रात ठंड में पड़े रहने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। युवक की असामयिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर है।

### मजदूर यूनियन का हड़ताल आज




**पटना।** मजदूर विरोधी लेबर कोड के खिलाफ एचएमएस, एटक, सीटू व इंटक के संयुक्त ट्रेड यूनियनों द्वारा 12 फरवरी को हड़ताल प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ट्रेड यूनियनों का संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा तैयारियां की गई है। यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि चार लेबर कोड लागू कर केन्द्र सरकार देश के कोयला उद्योग को राष्टीयकरण के पहले की स्थिति में ले जाने पर आमदा है। कोयला उद्योगों को ठेकेदारो के हवालने करने की साजिश रच दी गई है और कोयला मजदूरों को इनके खिलाफ लड़ने के अधिकार को छीनने के लिए यह लेबर कोड लाया गया है। आज के प्रस्तावित हड़ताल को सफल बनाने के लिए एटक के सुनील विश्वकर्मा, एचएमएस के अजय सिंह, सीटू के राजाराम जाता, इंटक के रविन्द्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी सक्रिय रहे।

### 21 वर्षीय जिनेश ने कॉस्ट अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की



**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ नगर एवं पूरे जिले के लिए हर्ष का विषय है कि मनेन्द्रगढ़ निवासी 21 वर्षीय जिनेश जैन ने कम उम्र में ही कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। इस सफलता के साथ ही जिनेश ने प्रदेश के सबसे कम उम्र के सीएमए बनने का गौरव भी प्राप्त किया है, जिससे न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। जिनेश जैन पिता राजेश कुमार जैन कतेला, मनेन्द्रगढ़ की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन का परिणाम है। सीएमए जैसी कठिन और प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा को कम उम्र में उत्तीर्ण करना आसान नहीं होता, लेकिन जिनेश ने अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया।

### साइबर क्राइम एवं महिला सुरक्षा मुद्दों पर जागरूकता अनिवार्य



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्टीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित विशेष शिविर के अंतर्गत साइबर क्राइम एवं महिला सुरक्षा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्रीमती अनामिका चक्रवर्ती द्वारा महिला सुरक्षा एवं साइबर क्राइम पर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया गया। आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे बचाव के लिए सतत जागरूकता एवं सावधानी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को विशेष रूप से सोशल मीडिया, ऑनलाइन लेन-देन एवं डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करते समय सतर्क रहना चाहिए। महाविद्यालय से आमंत्रित प्राध्यापकों द्वारा भी विषय से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त किए गए। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती स्मृति अग्रवाल ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा आवश्यक सावधानियां अपनाने की सलाह दी।

### स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल हुए शामिल

# महामाया मंदिर में 184 जोड़ों का सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज. बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के मां महामाया मंदिर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 का जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन खड़गवां विकासखंड के ग्राम चनवारीडांड में किया गया। जिले के मनेन्द्रगढ़, खड़गवां, चिरमिरी एवं जनकपुर परियोजना क्षेत्र से चयनित कुल 190 जोड़ों में से 184 वर-वधुओं ने विधिवत वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया और मां महामाया के चरणों में अपने नए जीवन की शुरूआत की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि एमसीबी जिले का यह सौभाग्य है कि इतनी बड़ी संख्या में 184 जोड़ों का मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का आयोजन मां महामाया मंदिर के पावन प्रांगण में किया जा रहा है, जो शासन की संवेदनशीलता, सामाजिक जिम्मेदारी और गरीब-हितैषी सोच को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह भव्य आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला प्रशासन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, परियोजना अधिकारियों, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े के मार्गदर्शन में समन्वित प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज से उनके जीवन की एक नई यात्रा प्रारंभ हो रही है और अब उनके कंधों पर परिवार, समाज एवं संस्कृति की नई जिम्मेदारियां हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा ने कहा कि जिले में कुल 190 जोड़ों का विवाह प्रस्तावित किया गया था, जिनमें से 184 जोड़े कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर विवाह संस्कार में सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि मनेन्द्रगढ़ परियोजना से 56 जोड़े, खड़गवां परियोजना से 54 जोड़े, चिरमिरी परियोजना से 19 जोड़े तथा जनकपुर परियोजना से 60 जोड़ों का चयन किया गया था, जिसमें से जनकपुर परियोजना के 54 जोड़े कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे और सभी का विवाह मां महामाया मंदिर परिसर में विधिवत रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।

उन्होंने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रति जोड़ा कुल 50,000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिसमें 35,000 रूपए की राशि सीधे चेक के माध्यम से लाभार्थी जोड़े को दी जाती है, जबकि शेष 15,000 रूपए की राशि श्रृंगार सामग्री, वस्त्र, उपहार, भोजन, मंडप, सजावट एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर व्यय की जाती है, जिससे नवविवाहित जोड़ों और उनके परिजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



#### वर-वधु का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे

भरतपुर परियोजना से चयनित 54 जोड़े अपने परिजन के साथ 9 फरवरी की सायं तीन बसों के माध्यम से जनकपुर से विवाह स्थल के लिए रवाना हुए थे। यात्रा के दौरान नागपुर-चिरमिरी मोड़ के समीप एक बस के असंतुलित होकर गड्ढे में चले जाने से कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आर्इं। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया और बिना किसी विलंब के सभी यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। उसी रात प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नागपुर में घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। अधिक दर्द अथवा चोट की शिकायत वाले 11 यात्रियों को एहतियातन जिला अस्पताल चिरमिरी ले जाकर एक्स-रे सहित समुचित उपचार एवं चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया। राहत की बात यह रही कि किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोटें नहीं आई। एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के हाथ में प्लास्टर किया गया, जबकि तीन वधु एवं दो वर को सावधानीवश रातभर चिकित्सकीय देखरेख में रखा गया। डॉक्टरों की सलाह और उपचार के पश्चात सभी हितग्राहियों को पूर्णतः सुरक्षित 10 फरवरी की सुबह विवाह स्थल लाया गया। इसके बाद पूरे विधि-विधान, गरिमा और उल्लास के साथ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सभी 54 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। दुर्घटना से प्रभावित दो वधु और दो वर भी इस पावन अवसर के साक्षी बने और उनका विवाह भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे पूरे आयोजन में भावनात्मक संतोष और खुशी का माहौल बना रहा। विवाह कार्यक्रम के समापन के पश्चात सायं 4:30 बजे सभी 54 नवविवाहित जोड़ों को तीन बसों के माध्यम से सुरक्षित रूप से जनकपुर के लिए रवाना किया गया।

### 50 जोड़े बंधे वैवाहिक बंधन में

**सोनहत।** विकासखंड सोनहत के ग्राम पंचायत सलगवांकला के खेल मैदान में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 50 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। सामूहिक विवाह समारोह क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को 35,000 की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। वहीं विधायक श्रीमती सिंह ने प्रत्येक जोड़े को अपनी ओर से 10-10 हजार रूपए की अतिरिक्त आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने सभी नवदंपत्तियों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार बेटियों के सशक्तिकरण और उनके उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना समाज के कमजोर वर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग मिल रहा है। विवाह समारोह से पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सोनहत के महादेव चौक से सलगवां कला तक पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ बारात निकाली गई।



### कोरिया में 100 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**बैकुण्ठपुर।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 10 फरवरी को पटना एवं सोनहत में 50-50 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में कुल 100 नवविवाहित जोड़ों ने विधिवत वैवाहिक बंधन में बंधकर नए जीवन की शुरूआत की। इस अवसर पर विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े एवं विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही जिला पंचायत सदस्यों, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य, सरपंच, पंच सहित काफी संख्या में नागरिकों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना से बेटियों के विवाह में पारदर्शिता एवं गरिमा बनी रहती है तथा समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम के दौरान वैवाहिक परंपराओं के अनुसार समस्त धार्मिक रस्में संपन्न कराई गर्इं तथा नवदंपत्तियों के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की गई।



## दो दिवसीय प्रवास पर कोरिया आएंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव



शहर में सड़कों का हो रहा मरम्मत।

**बैकुण्ठपुर।** आगामी दो दिवस कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। संभावित कार्यक्रम 16 एवं 17 फरवरी के लिए मिनी स्टेडियम में कार्यक्रम स्थल पर विशाल डोम का निर्माण कराया गया, वहीं शहर के मुख्य मार्ग से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई कई दिनों पूर्व संपन्न कर ली गई।

- जिला प्रशासन जुटा तैयारियों में

इसके तहत रामानुज हाईस्कूल से लेकर ओड़गी नाका मुख्य मार्ग एवं ओड़गी नाका से झुमका मार्ग किनारे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। मुख्य मार्ग किनारे विशेष रूप से प्रतिदिन साफ-सफाई हो रही है। इसी क्रम में ओड़गी नाका के आगे तक मुख्य मार्ग किनारे सफाई कार्य कराया जा रहा है। ओड़गी नाका के आगे तलवापारा मोड के पास जहां पर हमेशाा कचरों का ढेर लगे रहता था, वहां पर भी मुख्यमंत्री के

#### सिविल लाइन मार्ग की हुई मरम्मत

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन जोर-शोर से तैयारियों में जुटा हुआ है। शहर के सिविल लाइन मार्ग जो कि अभी ज्यादा खराब भी नहीं हुई थी ,उस पर पैचवर्क का कार्य पूरा कर लिया गया। जानकारी के अनुसार आगामी दिवस मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान सर्किट हाउस में ठहरेंगे। इसके मद्देनजर सिविल लाइन मार्ग पर डामर की परत चढ़ाकर चकाचक कर दिया गया।

#### गौरवपथ का लौटा गौरव

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन की तैयारियों जोरों पर चल रही है। शहर के जिन रास्तों से मुख्यमंत्री को गुजरना है उन रास्तों का कायाकल्प कर दिया जा रहा है, उन्हीं में से एक शहर का गौरव पथ थी है, जिसका गौरव मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व लौट गया। हाल में जर्जर हो चुकी गौरवपथ का डामरीकरण कर चकाचक कर दिया गया और डिवाईडर का रंगाई-पोताई का कार्य किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि इस तरह समय-समय पर मुख्यमंत्री को आना चाहिए तो जर्जर सड़कों की मरम्मत जल्द हो जाएगी।

## जीवित पिता को मृत बताकर एसईसीएल में 28 साल से नौकरी

**चरचा कॉलरी।** एसईसीएल चरचा क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के सहारे सरकारी नौकरी हासिल करने का एक गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने अपने पिता के नाम से जुड़े दस्तावेजों में हेरफेर कर जीवित व्यक्ति को मृत दशार्या और इसी आधार पर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कर वर्ष 1998 से लगातार नौकरी करता रहा। मामले में अब पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रकरण की शिकायत विशुनपुर जुनापारा निवासी प्रेमलाल प्रजापति उम्र 50 वर्ष ने चरचा थाना में दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता के अनुसार उनके पिता दशरथ प्रजापति तीन भाइयों में सबसे बड़े हैं। उनके मंझले भाई रामकिशुन प्रजापति एवं सबसे छोटे भाई बाबूलाल प्रजापति की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। शिकायत में बताया गया है कि प्रेमलाल के चाचा रामकिशुन प्रजापति एसईसीएल चरचा क्षेत्र में दशरथ प्रजापति के नाम से नौकरी कर रहे थे। रामकिशुन की मृत्यु के बाद उनके पुत्र छोटेलाल ने कथित रूप से षड़यंत्र रचते हुए एसईसीएल के सेवा अभिलेखों में हेरफेर कर, अपने पिता रामकिशुन के स्थान पर शिकायतकर्ता के जीवित पिता दशरथ का नाम दर्ज करवा दिया और इसी फर्जी रिकॉर्ड के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कर ली। जांच में सामने आया है कि भूमि रिकॉर्ड, पारिवारिक दस्तावेज एवं अन्य शासकीय अभिलेखों में छोटेलाल के पिता का नाम स्पष्ट रूप से रामकिशुन प्रजापति दर्ज है, जबकि एसईसीएल चरचा के सेवा रिकॉर्ड में दशरथ प्रजापति का नाम दशार्या गया है। इस विरोधाभास से यह स्पष्ट होता है कि नौकरी पाने के लिए दस्तावेजों में गंभीर स्तर पर कूटरचना की गई। प्रेमलाल प्रजापति ने बताया कि उन्हें इस फर्जीवाड़े की जानकारी लगभग छह माह पूर्व हुई। इसके बाद उन्होंने अपने भाइयों रामनाथ एवं रामेश्वर से चर्चा कर संबंधित दस्तावेजों की जांच करवाई। सभी तथ्यों की पुष्टि होने पर उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। चरचा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।



- फर्जी अनुकंपा नियुक्ति पर केस दर्ज

### महाशिवरात्रि की तैयारियां जोरों पर

**सोनहत।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। प्रतिवर्ष की भॉंति इस वर्ष भी मेण्ड्रा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में लगने वाले महाशिवरात्रि मेले की तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ हो गई हैं। मेला आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में हवन-पूजन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। आयोजन समिति एवं स्थानीय ग्रामीण व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सजावट, प्रकाश व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन से जुड़े सांसद प्रतिनिधि अविनाश पाठक, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश चंद्र साहू एवं ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



### हाथीपांव उन्मूलन : 18 जिलों में चलेगा अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** राज्य में हाथीपाँव (फाइलेरियासिस) रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से राष्टीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत फरवरी 2026 में सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान का व्यापक स्तर पर संचालन किया जा रहा है। यह अभियान राज्य के 18 जिलों के 65 विकास खंडों में संचालित होगा, जिसके अंतर्गत लगभग 1.58 करोड़ लाभार्थियों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के तहत 15 जिलों के 58 विकासखंडों में आईडीए तथा 3 जिलों के 7 विकासखंडों में डीए दवाओं का वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम 10 से 25 फरवरी तक चरणबद्ध रूप से संचालित किया जाएगा। 10 से 12 फरवरी तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। 13 से 22 फरवरी तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा घर-घर भ्रमण कर समुदाय स्तर पर दवा सेवन सुनिश्चित किया जाएगा। 23 से 25 फरवरी तक छूटे हुए लाभार्थियों के लिए मॉप-अप राउंड आयोजित किया जाएगा। साथ ही 10 से 25 फरवरी तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष एमडीए कॉर्नर संचालित किए जाएंगे। कार्यक्रम के प्रभावी संचालन के लिए राज्य में 54,612 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर, 5,461 सुपरवाइजर एवं 2,279 प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की तैनाती की गई है।



### केंद्रीय बजट से विकसित भारत की नींव और मजबूत

**मनेन्द्रगढ़।** छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने जनपद सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए केन्द्रीय बजट 2026-27 को युवा-केन्द्रित, सुधारोन्मुख और दीर्घकालीन विकास का रोडमैप बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट रिफार्म ओवर रिहोरट्रिक के मार्गदर्शक सिद्धांत पर आधारित है, जिसके तहत देश की संभावनाओं को प्रदर्शन में बदलने के लिए सरकार ने तीन पवित्र कर्तव्य तय किए हैं। पहला उत्पादकता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर तेज व टिकाऊ आर्थिक विकास, दूसरा जनता की आकांक्षाओं को पूरा कर उन्हें समृद्धि का सहभागी बनाना और तीसरा सबका साथ सबका विकास के विजन को साकार करना ताकि हर वर्ग और क्षेत्र को समान अवसर मिल सकें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, जिला महामंत्री द्वय द्वारिका जायसवाल, आशीष मजूमदार, जिला उपाध्यक्ष द्वय आशीष सिंह, संजय राय जिला प्रवक्ता जमुना पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी, जिला कोषाध्यक्ष मनोज जैन, जिला सोशल मीडिया संयोजक मनोज केशरवानी, कार्यालय मंत्री रमेश यादव, पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा, महामंत्री एमपी सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक जायसवाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा, महामंत्री राहुल जायसवाल



### कलेक्टर, एसपी से मिले, पोस्ट करने वाले के विरुद्ध पुलिस ने शुरु की जांच

# अमर्यादित सोशल मीडिया पोस्ट से भड़का साहू समाज

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

सोशल मीडिया में पोर्टल के जरिए एक परिवार की छवि धूमिल करने और मृतक बड़े भाई की हत्या को लेकर लगाए गए आरोप को लेकर साहू समाज भड़क गया है। मामले को लेकर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर काफी संख्या में समाज के लिए कलेक्टर कोरिया और एसपी से मुलाकात किए, जिसके बाद मामले में एसडीओपी बैकुंठपुर द्वारा जांच शुरु कर दी गई है।

कोरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भाड़ी निवासी अजय साहू ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपकर जांच कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप है कि एक पोटर्ल के ब्लॉग का संचालन करने वाले तलवापारा निवासी महेन्द्र पांडेय नामक व्यक्ति द्वारा लगातार पोस्ट प्रकाशित कर उनके परिवार को सामाजिक रूप से अपमानित किया जा रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार 9 फरवरी को किए गए एक पोस्ट में उनके मृत बड़े भाई अरूण कुमार साहू की मौत को लेकर हत्या की आशंका जताते हुए परिवार पर सवाल खड़े किए गए, जिसके बाद साहू समाज के काफी संख्या में लोग पुलिस प्रशासन से मांग की है कि संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए, ताकि सोशल मीडिया के दुरूपयोग पर रोक लगे और। वहीं मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है, एसडीओपी बैकुंठपुर द्वारा संबंधितों का बयान दर्ज कर मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि संबंधित ब्लॉग में पूर्व में भी उनके विरूद्ध करीब 36 बार आपत्तिजनक व भ्रामक सामग्री प्रकाशित की जाती रही है। साहू समाज के आक्रोशित हो जाने के बाद मामले को लेकर जिले में चर्चा का माहौल बना हुआ है। अब सभी की निगाहें पुलिस प्रशासन की जांच और आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं।



## समर्पण दिवस के रूप में पंडित उपाध्याय की मनी पुण्यतिथि





**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय स्थित कचहरीपारा में श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि समर्पण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नागरिकगण एवं मातृशक्ति सम्मिलित होकर महान विचारक, प्रखर राष्टवादी नेता को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक नागेशनाथ योग एवं अध्यक्षता केबी जायसवाल के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक नागेश नाथ योगी ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में कोई राजनेता होता है, कोई विचारक होता, कोई संगठक होता है लेकिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी थ्री इन वन थे, वे एक समर्पित राजनेता भी थे, महान विचारक भी थे और कुशल संगठक भी थे। बहुत कम समय में उन्होंने पार्टी को आगे ले जाने में भी सफलता प्राप्त की। उन्होंने भारतीय रीति-नीति और संस्कृति में अर्थ चिंतन और विकास के सिद्धांत को प्रतिपादित किया। श्री जायसवाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के अंतिम छोर पर स्थित व्यक्ति के कल्याण के लिए भाजपा सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं को विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले उद्बोधन में कहा था कि हमारी सरकार देश के गांव, गरीब, किसान, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित और आदिवासियों को समर्पित सरकार है। इस अवसर पर देवेन्द्र तिवारी, मोहित पैकरा, बसंत राय आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### देशव्यापी औद्योगिक हड़ताल आज श्रमिक संगठनों ने दिखाई एकजुटता

बिश्रामपुर। केंद्र सरकार की कथित मजदूर-विरोधी एवं निजीकरण समर्थक नीतियों के विरोध में 12 फरवरी को देशव्यापी औद्योगिक हड़ताल का आह्वान किया गया है,यह जानकारी एसकेएमएस (एटक) के महासचिव अजय विश्वकर्मा,एचएमएस नेता नाथूलाल पांडेय, एससीकेएमसी (इंटक) के गोपाल नारायण सिंह तथा सीटू के महासचिव व्ही.एम.मनोहर ने संयुक्त प्रेस वार्ता में दी। श्रमिक नेताओं ने बताया कि हड़ताल को देश की दस प्रमुख ट्रेड यूनियनों एवं फेडरेशनों के साथ संयुक्त किसान मोर्चा,खेतिहर मजदूर संगठनों,सिस्टा ओबीसी तथा विभिन्न विपक्षी दलों का समर्थन प्राप्त है,उन्होंने आरोप लगाया कि बिना व्यापक संवाद के चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को लागू करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे मजदूरों के अधिकार, सामाजिक सुरक्षा, वेतन संरचना, स्थायी रोजगार, पेंशन, पीएफ, ग्रेच्युटी और सामूहिक सौदेबाजी की क्षमता प्रभावित हो सकती है,नेताओं ने फिक्स्ड टर्म रोजगार, कार्य घंटे बढ़ाने, श्रम संस्थाओं की शक्तियों में कटौती तथा सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण जैसे मुद्दों को लेकर असंतोष जताया और कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि एसईसीएल में हड़ताल को सफल बनाने के लिए सोहागपुर, बैकुंठपुर और दीपका सहित विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनमें रायगढ़ से जोहिला क्षेत्र तक के यूनिट एवं क्षेत्रीय स्तर के नेताओं ने हिस्सा लिया,इसके अलावा एटक, एचएमएस, इंटक और सीटू के संयुक्त मोर्चे द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में गेट मीटिंग और पल्ला बैठकों के माध्यम से श्रमिकों से हड़ताल में भाग लेने की अपील की जा रही है,संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने दावा किया कि 12 फरवरी को एसईसीएल के सभी क्षेत्रों में श्रमिक हड़ताल में भाग लेंगे।

### राजस्व भूमि पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों का चक्काजाम आज

बिश्रामपुर। ग्राम पंचायत कल्याणपुर में राजस्व भूमि पर कथित अवैध अतिक्रमण को लेकर आज 12 फरवरी को ग्रामीणों द्वारा चक्काजाम किया जाएगा,सूरजपुर कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत कल्याणपुर में स्कूल मद में दर्ज रही 1.63 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर निजी मकान निर्माण किया गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेखित है कि यदि 12 फरवरी तक निर्माण पर रोक और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामसभा के बाद दोपहर 2 बजे से बस स्टैंड चौक कल्याणपुर में प्रतापपुर रोड पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम किया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार प.ह.नं. 16 अंतर्गत खसरा नंबर 2384, 2385, 2386 की कुल 1.63 हेक्टेयर भूमि पूर्व में स्कूल मद में दर्ज थी। बाद में यह भूमि त्रुटिवश आबादी मद में दर्ज हो गई। ग्रामीणों का दावा है कि यह भूमि शासकीय प्रयोजन के लिए वन अधिकार पत्र के माध्यम से ग्राम पंचायत को आबंटित है, इसलिए इस पर निजी स्वामित्व का दावा निराधार है। इसी बीच गांव के निवासी मनोहर जायसवाल पर आरोप है कि वे उक्त भूमि को अपनी निजी संपत्ति बताते हुए बड़े पैमाने पर कॉलम और प्लिंथ डालकर पक्का मकान खड़ा कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभागों क्रमशः राजस्व, पंचायत और वन विभाग को आवेदन देकर स्थिति स्पष्ट करने और निर्माण रुकवाने की मांग की। हर बार मौका जांच कराएंगे का आश्वासन मिला, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखी।प्रशासनिक उदासीनता से नाराज ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत कल्याणपुर में 12 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष ग्रामसभा बुलाने की घोषणा की गई है। माना जा रहा है कि इस ग्रामसभा में राजस्व रिकॉर्ड, वन अधिकार पत्र और जमीन के उपयोग पर विस्तार से चर्चा होगी। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्रामसभा के बाद दोपहर 2 बजे से बस स्टैंड कल्याणपुर में प्रतापपुर मार्ग पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम किये जाने की खबर है

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



रामानुजगंज। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके विचारों का स्मरण किया। कार्यक्रम के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि एकात्म मानववाद के माध्यम से उन्होंने व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को एक अविभाज्य इकाई के रूप में देखने की समग्र दृष्टि दी। उनका मानना था कि विकास केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक संतुलन के साथ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक अवसर और सम्मान पहुंचाना है। भाजपा नेता कृष्ण गुप्ता ने कहा कि उनके आदर्शों से प्रेरित होकर हम विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु निरंतर अग्रसर हैं, जहां सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास राष्ट्र निर्माण का आधार बने। संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन भानु प्रकाश दीक्षित ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता बंसीधर गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष लोधी राम एक्का, पार्षद गौतम सिंह, राकेश सिंह, योगेश गुप्ता आदि शामिल रहे।

## खेतों तक पानी नहीं पहुंचने से मुरझा रही फसल

# दलको बांध की नहर धंसी, तीन गांवों की खेती संकट में

हरिभूमि न्यूज. रामानुजगंज

- किसानों को झेलनी पड़ रही दोहरी मार
- किसानों के मुताबिक कमजोर हो गई थी नहर

प्रदेश सरकार हरित क्रांति लाने के लिए जगह जगह पर बांध व जलाशय निर्माण कर किसानों की पानी की समस्या को दूर करने के लिए प्रयासरत है। जल संरक्षण के उद्देश्य पानी को संग्रहित कर बांध से नहर के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी उपलब्ध कराना है। बांध से किसानों को हर समय आवश्यकता के अनुरूप फसलों की सिंचाई हेतु नहर से पानी मिल सके जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सक। इसी उद्देश्य से कुछ सालों पूर्व दलको बांध का निर्माण कराया गया और नहर के माध्यम से तीन गांव के लोगों को सिंचाई के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो गई। लेकिर नहर की मरम्मत नहीं होने से अब दलका बांध की नहर ध्वस हो गई। आलम यह है कि बांध में पानी तो है लेकिन नहर व खेत सूखा है।

रामानुजगंज क्षेत्र में दलको बांध से निकली सिंचाई नहर के क्षतिग्रस्त होने से किसानों पर दोहरी मार पड़ गई है। नगरा, भवरमाल और धनपुरी गांवों के सैकड़ों किसान इस समय गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। खेतों तक पानी नहीं पहुंचने के कारण फसल मुरझाने लगे हैं और मेहनत की पूरी पूंजी डूबने का खतरा मंडरा रहा है। किसानों का कहना है कि बांध से खेतो तक पानी पहुंचे इसके लिए लाखों की लागत से लंबी नहर बनाई गई। बांध से तीन ग्राम पंचायत नगरा, भवरमाल व धनपुरी के सैकड़ो किसान की कई एकड़ भूमि पर सिंचाई किया जाता था। बांध का पानी नहर के आखरी छोर गांव तक पहुचता था परंतु विभाग द्वारा समय समय पर नहर की मरम्मत नहीं कराने से नहर की हालत दयनीय हो गई। आलम यह है कि नहर की मरम्मत नहीं होने से नहर ध्वस हो गई जो अब सिर्फ सो पीस बन कर रह गई है। किसानों द्वारा नहर सुधार कार्य की कई बार मांग की गई परंतु विभाग के अधिकारियों व जिला प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया जिससे क्षेत्र के किसान खेती किसानी को लेकर चिंतित है। विडंबना यह है कि दलको बांध में पानी की कोई कमी नहीं है, फिर भी किसान सिंचाई से वंचित हैं। नहर टूटने के चलते पानी खेतों तक पहुंचने की बजाय सीधे कनहर नदी में बहकर व्यर्थ जा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते स्थायी सुधार नहीं हुआ तो फसल पूरी तरह बर्बाद हो सकती है।





### प्रशासन को कई दे चुके है सूचना

ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या को लेकर कई बार प्रशासन और जल संसाधन विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। किसान राकेश गुप्ता ने बताया कि सिंचाई के अभाव में फसलें सूखने लगे हैं। खेत तैयार करने, बीज और खाद पर खर्च की गई रकम डूबने की आशंका है, लेकिन विभागीय स्तर पर अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं।

### बार बार टूट जाती है नहर

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार दलको बांध के एक्वाडक्ट के नीचे से गुजरने वाली यह नहर तकनीकी रूप से कमजोर हो चुकी है और बार-बार टूट जाती है। हालात ऐसे हैं कि किसान खुद आपस में चंदा जुटाकर अस्थायी मरम्मत कराते रहे हैं, ताकि किसी तरह खेतों तक पानी पहुंच सके। बावजूद इसके, हर बार कुछ ही दिनों में नहर फिर जवाब दे देती है।

### जल्द कराई जाएगी मरम्मत

नहर के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली है। जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा बहाल की जा सके।

सुजीत कुमार,
एसडीओ जल संसाधन विभाग

## एनएच पर निर्माण के दौरान नहीं लगाए गए साइन बोर्ड, उड़ती धूल से लोगों का बुरा हाल



- धीमी गति से कार्य के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस करेगा सांकेतिक चक्का जाम

राजपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 343 के धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य एवं सुरक्षा मानकों की अनदेखी से नागरिकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में लापरवाही और समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा 16 फरवरी को चक्का जाम और विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। सांकेतिक चक्का जाम और विरोध प्रदर्शन को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीरज तिवारी ने के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि विगत चार माह से अंबिकापुर से पस्ता तक राष्ट्रीय राजमार्ग का नवनिर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण के नाम पर जगह-जगह सड़क की खुदाई कर दी गई है किंतु मार्ग परिवर्तन की कोई स्पष्ट सूचना नहीं दी गई है। पुलिया निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढों के पास न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही किसी प्रकार का सुरक्षा घेराव किया गया है। इससे आमजन एवं वाहन चालकों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। सड़क पर लगातार उड़ रही धूल के कारण दोपहिया, चार-पहिया तथा भारी वाहनों के चालक परेशान हैं और छोटे-बड़े हादसों की घटनाएं सामने आ रही हैं। धूल के कारण आसपास निवासरत लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। आरोप है कि पानी छिड़काव के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। नगर पंचायत क्षेत्र राजपुर में नाली निर्माण के लिए सड़क के दोनों किनारों को खोदकर मिट्टी के ढेर छोड़ दिए गए हैं, जिससे जाम और दुर्घटना की स्थिति लगातार बन रही है। नीरज तिवारी ने कहा कि पूर्व में भी प्रशासन से निर्माण कार्य में तेजी लाने और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने की मांग की गई थी किंतु अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे नवकी मोड़ राजपुर में सांकेतिक चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सड़क एवं नाली निर्माण के कारण शहर में आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दिन पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह से थाना के सामने खादी भंडार तक वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से यातायात बाधित होता है। उन्होंने मांग की है कि साप्ताहिक बाजार के दिन मुख्य सड़क से महामाया मंदिर प्रवेश मार्ग तक लगने वाली दुकानों को बाजार परिसर के भीतर व्यवस्थित कराया जाए तथा सहकारी समिति कार्यालय के पास वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## नेशनल हाईवे में तेज रफ्तार बाइक एवं कार के बीच हुई जोरदार टक्कर

- भिड़ंत के बाद दो टुकड़ों में बटी बाइक में लगी आग,

सीतापुर। नेशनल हाईवे क्र-43 में शाम 6 से 7 बजे के बीच तेज रफ्तार बाइक एवं कार की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में बाइक दो टुकड़ों में बट गया और उसमें आग लग गई। इस दौरान बाइक में तीन युवक सवार थे जो दुर्घटना के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार में सवार लोगों को भी चोट लगी है। इस घटना के बाद लोगो ने बाइक में लगी आग को बुझाया और 112 के सहयोग से



तीनों घायलों को हॉस्पिटल भिजवाया। उक्त घटना नेशनल हाइवे क्र-43 पर ग्राम चलता में यात्री प्रतीक्षालय के पास शाम 6 से 7 बजे के बीच की है।सीतापुर से पत्थलगांव की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी 13 एएच 7399 जैसे ही ग्राम चलता से खड़गांव जाने वाली मार्ग की ओर मुड़ी तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर कार से जा भिड़ी।तेज रफ्तार बाइक और कार के बीच हुई भिड़ंत इतनी जबर्दस्त थी बाइक दो टुकड़ों में बट गया और उसमें आग लग गई वही कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।दुर्घटना के दौरान बाइक में कपिल बड़ा आ विलियम बड़ा 19 वर्ष निवासी कतकलो, आकाश मिंज आ चंद्रिका मिंज 22 वर्ष निवासी जामपारा एवं नागेंद्र कुजूर आ रामविलास 20 वर्ष निवासी जामडीह सवार थे जो कार से टकराने के बाद सड़क पर जा गिरे।

## पीजी कॉलेज की अव्यवस्थाओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

पीजी कॉलेज की अव्यवस्थाओं को लेकर आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में छात्रों ने प्राचार्य को अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने बताया कि कॉलेज में ड्रेस कोड और पहचान पत्र की अनिवार्यता न होने की वजह से यहां बाहरी असामाजिक तत्वों का आना-जाना बढ़ गया है।

इससे आम छात्र-छात्राएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। संघ ने कॉलेज गेट पर जांच सख्त करने तथा हर आगंतुक का रिकॉर्ड रजिस्टर में दर्ज करने की बात कही। इसके अलावा पांचवी सेमेस्टर के परिणाम अब तक घोषित नहीं हुए हैं। इस देरी के कारण छात्रों का एक कीमती साल बर्बाद होने की कगार पर है



और आगे पीजी में दाखिला नहीं ले पा रहे हैं। संघ ने कॉलेज पोर्टल पर फॉर्म भरने के नाम पर लिए जा रहे अतिरिक्त शुल्क को अवैध वसूली करार दिया। छात्रों का कहना है कि एक तरफ तो कॉलेज भारी-भरकम फीस वसूलता है वहीं दूसरी ओर छोटे-छोटे चार्ज लगाकर छात्रों पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। साथ ही जिन छात्रों ने आईडी कार्ड के पैसे जमा कर दिए हैं, उन्हें महीनों बाद भी कार्ड नहीं मिलना कॉलेज की सुस्त कार्यप्रणाली को दर्शाता है। संघ ने मांगों के निराकरण करने की मांग की है मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विकास, विवेक, सक्षम, अभिजीत, प्रिंस, विनय, अभय, सोनू, भोलू सहित अन्य मौजूद रहे।

## जेसीबी मशीन से टकराकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

बिश्रामपुर। एनएच 43 समीप जयनगर थाना से महज कुछ ही दुरी पर जेसीबी मशीन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं,गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वीरपुर निवासी 26 वर्षीय छत्रपाल राजवाड़े पिता गोपाल राम व 28 वर्षीय सुरेश प्रजापति पिता अमृत प्रजापति बुधवार की दोपहर बाइक में बिश्रामपुर की तरफ जा रहे थे,इसी दरम्यान जयनगर थाना से महज कुछ दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर कुंजनगर मोड़ के पास जेसीबी चालक की लापरवाही से बाइक सवार दोनों युवक दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं,सूचना पर जयनगर पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर उपचार हेतु भिजवाया गया है।

## पिकअप की टक्कर से गई बाइक सवार की जान

अम्बिकापुर। शादी कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी बसदेई अंतर्गत ग्राम ऊंचडीह निवासी शिव शंकर आ. शादेव (25 वर्ष) 7 फरवरी को बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएफ 0594 से शादी में शामिल होने गया था। शादी में शामिल होने के पश्चात बाइक से घर आने लगा और जैसे ही ग्राम चंदनपुर मुख्य मार्ग ढाबा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप क्रमांक सीज 29 एसी 9040 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने पिकअप चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### मनरेगा बचाने की मांग को लेकर सत्य नगर से भैयाथान तक निकाला गया पैदल मार्च

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कमजोर करना गंभीर चिंता का विषय- सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज. भैयाथान

मनरेगा योजना को सुरक्षित और सुदृढ़ बनाए रखने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत सत्य नगर से भैयाथान मुख्यालय तक विशाल पैदल मार्च निकाला गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा में हिस्सा लिया। भैयाथान पहुंचकर एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीण गरीबों के हितों की रक्षा और मनरेगा के प्रावधानों को मजबूत बनाए रखने की मांग की गई।

पदयात्रा का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैयाथान की अध्यक्ष विद्यात्रि सिंह देव तथा जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह देव ने किया। उनके नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता



शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लिए आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है, लेकिन इसके प्रावधानों में कटौती और प्रक्रियाओं को जटिल बनाकर लगातार इसकी प्रभावशीलता कम की जा रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार की गारंटी देने वाली योजना को कमजोर करना ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। पदयात्रा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जेपी श्रीवास्तव, पूर्व सांसद खेल साय सिंह, पूर्व विधायक प्रेम साय सिंह, पारसनाथ राजवाड़े, पूर्व जिला अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, प्रदीप राजवाड़े, मनोज डालमिया, जफर हैदर, दीप्ति स्वाई, आनंद कुंवर, रामकृष्ण ओझा, राजेंद्र प्रताप सिंह देव, योगेंद्र सिंह देव, रामचंद्र यादव, कौशलेंद्र सिंह, राजू गुप्ता, नूर आलम, शांतनु सिंह, आशीष सिंह, राहुल सिंह, विक्की दुबे, बजरंगी सिंह, रितेश सिंह, सुलोचनी पैकरा, दुर्गा सारथी, शशिलता सिंह, इंद्रावती राजवाड़े, दीपमाला टंडन सहित जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक पदाधिकारी, महिला कांग्रेस सदस्य व ग्रामीण मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026 (11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411